# अवध विश्वविद्यालय पुरातन छात्रसभा

AU
AVADH UNIVERSITY
Alumni Association

AUAA

Scanned with CamScanner

(आचार्य मनोज दीक्षित)

कुलपति

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या



# संदेश

विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संस्था की वह धरोहर हैं जिनसे विश्वविद्यालय की पहचान प्रत्येक उस स्थान पर होती है जहाँ पर वे सेवारत हैं। निश्चित रूप से वे नवीन छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं ऐसे अनेक छात्र देश तथा विदेश में उच्च पदों को सुशोभित कर विश्वविद्यालय की छवि को प्रकाशवान कर रहे हैं। मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि अवध विश्वविद्यालय पुरातन छात्रसभा अपने गठन के समय से ही अपने उद्देश्यों के प्रति निरन्तर सजग एवं तत्पर है।

पुरातन छात्रसभा एक ऐसा मंच है जो पूर्व छात्रों के अनुभवों को नवीन छात्रों के साथ साझा करने का स्वर्णिम अवसर प्रदान करता है। पुरातन छात्रसभा के माध्यम से विश्वविद्यालय के उन्नयन में पुरातन एवं नवीन छात्रों की सहभागिता सुनिश्चित हो सकेगी। सभा के गठन का निर्णय स्वागत योग्य है जिसके सुखद एवं दूरगामी परिणाम होंगे।

मैं अवध विश्वविद्यालय पुरातन छात्रसभा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ और अपनी शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ।

(आचार्य मनोज दीक्षित)

Scanned with CamScanner



(ओम प्रकाश सिंह)
अध्यक्ष
अवध विश्वविद्यालय पुरातन छात्रसभा

# संदेश

सम्मानित साथियों,

नये छात्रों को अपने अनुभव से अभिसिंचित कर और आपसी सहयोग के माध्यम से संस्था को साधन सम्पन्न बनाना ही हम पुरातन छात्रों का दायित्व है। विश्व की प्राचीनतम राजधानी अवध में स्थित होने के कारण हम सबका यह प्रयास होना चाहिए कि डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों में शीर्ष पर हो, शिक्षा का स्तर गुणवत्ता परक हो जिसके लिए हमें तमाम चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह हम सबका दायित्व भी है कि हम विकल्प की जगह संकल्प लें और अपनी संस्था के नवीन छात्रों का मार्ग प्रशस्त करें।

अवध विश्वविद्यालय पुरातन छात्रसभा ने अपने गठन के दो वर्ष के कार्यकाल में ही तमाम उपलब्धियों को हासिल किया जिसमें प्रमुख रूप से पर्वतारोही अरूणिमा सिन्हा द्वारा विश्व के सभी ऊँचें पर्वतों पर तिरंगा फहराना शामिल है। यशस्वी कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित जो पुरातन छात्रसभा के संरक्षक भी हैं के नेतृत्व में पुरातन छात्रसभा ने सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से विश्वविद्यालय को वैश्विक पटल पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

(ओम प्रकाश सिंह)

Scanned with CamScanner

(डॉ. विनोद कुमार चौधरी)
सचिव
अवध विश्वविद्यालय पुरातन छात्रसभा



# संदेश

परमपिता परमात्मा के आशीर्वाद, आदरणीय कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित जी की प्रेरणा से डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में अवध विश्वविद्यालय पुरातन छात्रसभा का गठन 27 नवम्बर 2018 को हुआ। पुरातन छात्रों के सहयोग से अवध विश्वविद्यालय पुरातन छात्रसभा अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अग्रसर है। सभा के गठन के उपरान्त कार्यकारिणी के सभी सम्मानित सदस्यों के सहयोग से विगत वर्षो में सभा ने छात्रों, विश्वविद्यालय परिवार एवं समाज के हित में विविध कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया है।

पुरातन छात्रसभा के संरक्षक कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने हमारे विद्यार्थियों को हमसे जोड़े रखने और सम्मान करते रहने का अहर्निश प्रयास किया है जिसके लिए सभा ह्रदय से आभार व्यक्त करती है। आशा है कि सभी पूर्व छात्र–छात्रायें ऐसे विद्यार्थियों की मदद के लिए हाथ बढायेंगे जो जरूरत मंद है और वे अपने जीवन में कुछ बेहतर करना चाहते हैं।

हम आशा करते हैं कि हमें समाज के सभी वर्गो का सहयोग प्राप्त होगा।

V.K. Choudhary
(डॉ. विनोद कुमार चौधरी)

Scanned with CamScanner

# DEPARTMENT OF ALUMNI RELATION

**अवध विश्वविद्यालय पुरातन छात्र सभा की स्थापना**–डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की स्थापना के 43 वर्ष बाद विश्वविद्यालय में कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित की प्रेरणा से अवध विश्वविद्यालय पुरातन छात्र सभा का गठन हुआ।

नये एवं पुराने छात्रों के मध्य संवाद और विश्वविद्यालय हित के लिए सभा की कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। समिति के सदस्यों की कर्मठता और सक्रियता ने कम समय में ही कई उपलब्धियों को विश्वविद्यालय के नवीन छात्रों के सामने एक मिसाल के रूप में प्रस्तुत किया है। वर्तमान में गठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के नाम एवं विवरण निम्नवत है–

| क्रमांक | पद | नाम | मोबाइल नं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | पदेन संरक्षक | आचार्य मनोज दीक्षित, कुलपति | |
| 2 | अध्यक्ष | श्री ओम प्रकाश सिंह | 7651971173 |
| 3 | उपाध्यक्ष | श्री अनुराग वैश्य | 9415058412 |
| 4 | उपाध्यक्ष | श्रीमती मीरा यादव | 8604782840 |
| 5 | सचिव | डॉ0 विनोद कुमार चौधरी | 9451785288 |
| 6 | कोषाध्यक्ष | श्री राजीव जायसवाल | 9415048286 |
| 7 | सदस्य | श्रीमती अनामिका पाण्डेय | 9454917011 |

**पुरातन छात्रसभा के प्रकोष्ठ प्रभारियों की सूची–**

| क्रमांक | प्रकोष्ठ | नाम | मोबाइल नं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मीडिया | श्री अरूण कुमार पाण्डेय | 8800724194 |
| 2 | अन्तर्राष्ट्रीय जनसम्पर्क | श्री विवेक तिवारी | 9268302091 |
| 3 | लीगल सेल | श्री राजेश पाण्डेय | 8317077941 |
| 4 | सेवा | श्री अरविन्द सिंह | 9415145215 |
| 5 | आई.टी. | श्री प्रवेश पाण्डेय | 9811214578 |

Scanned with CamScanner

**पुरातन छात्रसभा समिति के सदस्य–**

| क्रमांक | नाम | क्रमांक | नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रो0 आर.एल. सिंह | 17 | श्री इन्दु भूषण पाण्डेय |
| 2 | प्रो0 आर.एन. राय | 18 | श्री प्रवीण तिवारी |
| 3 | डॉ0 आर. के. सिंह | 19 | श्री प्रशान्त केसरवानी |
| 4 | डॉ0 सिद्धार्थ शुक्ला | 20 | श्री मनोज सरीन |
| 5 | डॉ0 एस.एल. त्रिपाठी | 21 | श्री मुकेश तिवारी |
| 6 | डॉ0 हेमन्त सिंह | 22 | श्री रजनीश श्रीवास्तव |
| 7 | डॉ0 मुकेश कुमार वर्मा | 23 | श्री अनुरोध श्रीवास्तव |
| 8 | प्रो0 जसवन्त सिंह | 24 | श्री पल्लव पाण्डेय |
| 9 | प्रो0 आशुतोष सिन्हा | 25 | ममता निषाद |
| 10 | डॉ0 अपर्णा त्रिपाठी | 26 | श्री राजेश सिंह |
| 11 | श्रीमती शालिनी पाण्डेय | 27 | श्री राम सरकार |
| 12 | श्री संजय कुमार सिंह | 28 | श्री अरविन्द सिंह |
| 13 | श्री महेश सिंह | 29 | श्री अनिल मिश्रा |
| 14 | श्री अभिषेक वैश्य | 30 | श्री राजमणि सिंह |
| 15 | श्री रूपक श्रीवास्तव | 31 | श्री अनुज निगम |
| 16 | श्री अनुज भज्जा | 32 | श्री सौरभ |

**सदस्यता एवं अधिकार (Membership and Privileges) –**

अवध विश्वविद्यालय पुरातन छात्र सभा की सदस्यता ग्रहण करने की अर्हता निम्नवत् है –

- वे छात्र जो वर्तमान समय में डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में या सम्बद्ध (Affiliated) महाविद्यालयों मे अध्ययनरत हैं अथवा अध्ययन पूर्ण कर चुके हैं।
- वे महाविद्यालय जो डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध (Affiliated) हैं।

Scanned with CamScanner

अधिकार–

- सदस्यों की सभा द्वारा आयोजित समस्त कार्यक्रमों में सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी।
- आयोजित रोजगार कैम्प, मेडिकल कैम्प में निःशुल्क भाग लेने का अधिकार।
- कैरियर काउंसिलिंग की सुविधा।
- वे सदस्य जो विशेष सदस्य की श्रेणी में आते हैं उन्हें कार्यकारिणी के गठन में अपना मत देने का अधिकार प्राप्त होगा।
- सभा सम्बन्धित महाविद्यालयों/परिसर के विभागीय पुरातन छात्र सभा को मान्यता देगी। सभा अपने सभी कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करेगी एवं उनके विस्तार हेतु अपना मंच उपलब्ध करायेगी।

सदस्यता शुल्क (Membership Fee)

Present Student – 250/-

Lifetime Membership- 1,000/-

Lifetime Membership (Special) -11,000/-

NRI Membership - $300/-

Institutional Membership (for affiliated colleges)-20% of the fees collected towards membership fees

पुरातन छात्र सभा के उद्देश्य –

- डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के अध्ययनरत विद्यार्थियों का पुरातन छात्रों के साथ सम्बन्ध स्थापित करना।
- पुरातन छात्रों एवं समाज के सहयोग से विश्वविद्यालयों तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु अवस्थापना एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना।
- अध्ययनरत छात्रों हेतु छात्रवृत्ति की व्यवस्था करना ताकि उनकी शिक्षा आर्थिक रूप से बाधित न होने पाये।
- विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए छात्र कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने हेतु धनराशि एकत्र करना तथा उसके क्रियान्वयन हेतु योजनाओं को बनाना तथा समय पर लागू करना।

Scanned with CamScanner

- अवध विश्वविद्यालय पुरातन छात्र सभा द्वारा छात्रों तथा समाज के प्रति अपने कर्तव्य को पूर्ण करते हुये उनके उत्थान और विकास के लिए समय–समय पर शैक्षिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।
- पुरातन छात्र सभा द्वारा छात्रों के हित में उनके भविष्य हेतु उद्देश्यों की पूर्ति हेतु अन्य सभी यथा सम्भव कार्य करना।

भविष्य की योजना एवं कार्यक्रम की रूपरेखा –

- पुरातन छात्र सभा देश विदेश के विभिन्न शैक्षणिक पुरातन छात्र सभाओं के साथ एम0ओ0यू0 (MOU) भी साइन करेगी। जिससे देश विदेश के छात्र यहां आ सकें और साथ ही साथ अवध विश्वविद्यालय के छात्र विदेशों में जाकर अध्ययन कर सकें।
- पुरातन छात्र सभा विश्वविद्यालय में अपने बैनर तले एक प्लेसमेंट सेल की भी स्थापना करेगा। विश्वविद्यालय से संबंधित सभी महाविद्यालयों में एक पुरातन छात्र सभा सेल का गठन किया जाएगा जिससे दोनों तरफ से संवाद स्थापित किया जा सके।
- पुरातन छात्र सभा सामाजिक कार्यो में भी बढ़कर हिस्सा लेगी। इसके लिए आस–पास के अविकसित गांव को गोद लेने की व्यवस्था की जायेगी और वहां की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा उसकी मूलभूत आवश्यकताओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया जायेगा।
- पुरातन छात्र सभा समय–समय पर रक्त दान शिविर तथा नेत्र परीक्षण शिविर भी लगवायेगी जिसका लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल सकेगा।
- सभा विश्वविद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता (Quality Education) तथा व्यवसायपरक शिक्षा दिलवाने पर जोर देगी, ताकि विश्वविद्यालय के छात्रों में प्रोडक्टिविटी को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दिया जा सके।
- पुरातन छात्र सभा प्रत्येक वर्ष अपना एक डेलिगेशन देश–विदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भेजेगी, ताकि वह अपने यहां होने वाले शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में वहां के लोगों को बता सके तथा वहां से प्राप्त अनुभवों का लाभ अपने छात्रों को प्रदान कर सके।

पुरातन छात्र सभा विश्वविद्यालय के छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनके लिए काउंसिलिंग की सुविधा उपलब्ध करायेगी। पुरातन छात्र सभा "सभी के लिए सहायता" के सिद्धांत पर कार्य करेगी।

Scanned with CamScanner

## विश्वविद्यालयः संक्षिप्त परिचय

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की स्थापना 04 मार्च, 1975 को उत्तर प्रदेश के तत्कालीन फैजाबाद (वर्तमान में अयोध्या) में की गई। 1993–94 में इस विश्वविद्यालय का नाम प्रसिद्ध समाजवादी नेता एवं आर्थिक चिन्तक डॉ0 राममनोहर लोहिया के नाम पर रखा गया। प्रो0 सुरेन्द्र सिंह विश्वविद्यालय के पहले कुलपति नियुक्त किये गये।

वर्ष 1984 में यह विश्वविद्यालय आवासीय विश्वविद्यालय बन गया। सबसे पहले यहां चार विभाग–इतिहास, संस्कृत एवं पुरातत्व विभाग, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, गणित एवं सांख्यिकी विभाग और ठोस भौतिकी विभाग की शुरूआत हुई। वर्ष 2000–01 में विश्वविद्यालय में बी.टेक., एम.सी.ए., बी.लिब. जैसे विभिन्न आवासीय पाठ्यक्रम शुरू किये गये।

वर्तमान में विश्वविद्यालय अपने आवासीय परास्नातक विभागों के माध्यम से लगभग 7 लाख नियमित/व्यक्तिगत छात्रों को 10 जिलों में फैले 600 से अधिक सम्बद्ध कालेजों में शिक्षा प्रदान कर रहा है। वर्तमान समय में डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 मनोज दीक्षित हैं। उन्नीसवें कुलपति के रूप में 26 मई 2017 को आचार्य मनोज दीक्षित ने अवध विश्वविद्यालय का कार्यभार सम्भाला। आचार्य मनोज दीक्षित की दूरदर्शिता एवं कर्तव्य परायणता के कारण वर्तमान समय निश्चित रूप से विश्वविद्यालय के लिए स्वर्णिम काल के रूप में याद किया जायेगा।

Scanned with CamScanner

## अवध विश्वविद्यालय पुरातन छात्र सभा अतिथिगृह

पुरातन छात्र सभा को और अधिक विस्तार एवं मजबूत करते हुये, कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने विश्वविद्यालय के नये परिसर में पुरातन छात्र सभा के अतिथि गृह का सपत्नीक भूमि पूजन 29 नवम्बर 2018 को किया। इस अवसर पर यह तय किया गया कि अतिथि गृह का निर्माण जल्द ही पूर्ण कर लिया जायेगा जिसका लाभ पुरातन छात्रो को मिल सके। अतिथि गृह के निर्माण के बाद देश दुनिया में नाम रोशन कर रहे पुरातन छात्रों को अपने विश्वविद्यालय से जुड़ने और यहां आने पर ठहरने तथा खाने पीने की असुविधा नहीं होगी।

प्रस्तावित अतिथि गृह की लागत, संरचना एवं सुविधाएं–

- विश्वविद्यालय के नए परिसर में 20 हजार स्क्वायर फुट में बन रहे एलुमिनाई गेस्ट हाउस में अत्याधुनिक सुविधाएं होगी। इस अतिथि गृह में 13 हजार स्क्वायर फुट का एक लॉन होगा जिसके चारों तरफ विभिन्न प्रकार के सजावटी पेड़ पौधों को लगाया जायेगा।
- लॉन से ही सटा हुआ एक बहुउद्देशीय 3500 स्क्वायर फुट का हाल व लॉबी भी होगी जो पूर्णतया वातानुकूलित एवं सुसज्जित होगी।
- बहुउद्देशीय हाल से ही लगा हुआ लगभग 900 स्क्वायर फुट का एक स्टेज भी होगा जिसका इस्तेमाल पुरातन छात्र सभा व्यवसायिक रूप से कर सकेगी।
- गेस्ट हाउस में भूतल एवं ऊपरी तल को मिलाकर 14 कमरों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है जो पूर्णतया वातानुकूलित होंगे। इन सभी कमरों के साथ संलग्न वाशरूम भी बनेगा।
- गेस्ट हाउस पूर्णरूप से फ्री वाईफाई सुविधा से युक्त होगा।
- गेस्ट हाउस में पीने के स्वच्छ पानी की व्यवस्था की जायेगी। जिसके लिए गेस्ट हाउस में विभिन्न स्थानों पर वाटर प्यूरीफायर लगाया जायेगा।
- सुरक्षा को देखते हुए गेस्ट हाउस को भूकम्प रोधी बनाया जायेगा।
- गेस्ट हाउस के साथ सटा हुआ एक स्विमिंग पूल का निर्माण भी किया जाना प्रस्तावित है।

गेस्ट हाउस के निर्माण पर लगभग 6 करोड़ 63 लाख रूपये का खर्च अनुमानित है जिसे पुरातन छात्र सभा अपने एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित और सम्मानित लोगों से मिलने वाले सहयोग से पूरा करने का प्रयास करेगी।

Scanned with CamScanner

## अवध विश्वविद्यालय पुरातन छात्र सभा के प्रथम समागम (First Meet) के कुछ महत्वपूर्ण व अविस्मरणीय पल

- पुरातन छात्र सभा ने, अपने गठन के साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में स्थित विवेकानन्द सभागार में प्रथम समागम (First Meet) का 06 मार्च, 2018 को सफल आयोजन किया।
- विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे पूर्व छात्रों को अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया।
- यह विश्वविद्यालय के इतिहास में पहला अवसर था जब पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव विश्वविद्यालय के वर्तमान छात्रों के साथ साझा किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।
- इसी दौरान विश्वविद्यालय की पुरातन छात्रा एवं अन्तर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अरूणिमा सिन्हा ने अपने अनुभवों एवं संघर्षों को नवीन छात्रों के साथ साझा किया।
- पुरातन छात्रा एवं प्रसिद्ध समाजसेवी श्रीमती मिथिलेश सिंह ने कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित के कहे हुए वक्तव्य **Learn, Earn, Return** को चरितार्थ करते हुए पुरातन छात्र सभा को 5 लाख रूपये की सहयोग राशि प्रदान की।
- प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री आर0पी0एन0 सिंह ने पुरातन छात्र सभा के बैनर तले विश्वविद्यालय को 25 किलो वॉट का सोलर प्लान्ट देने की घोषणा की।
- श्री आर0पी0एन0 सिंह ने पुरातन छात्रा एवं अन्तर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अरूणिमा सिन्हा को 25 लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की।

Scanned with CamScanner

प्रथम पुरातन छात्र समागम की यादें










Scanned with CamScanner




- इस कार्यक्रम में अवध क्षेत्र की लोक कला **फरवाही** एवं **कठघोड़ा** नृत्य के साथ फूलों की होली आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहे। इन कार्यक्रमों ने दूर–दूर से आये आगंतुकों का दिल जीत लिया।
- पुरस्कार वितरण के साथ प्रथम पुरातन छात्र समागम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

Scanned with CamScanner

## Event Organized by Avadh University Alumni Association

| | |
|---|---|
| First meet of AUAA | 06 March, 2018 |
| पत्रकारिता दिवस पर सम्मान समारोह | 30 मई, 2018 |
| भारतीय सूफी गज़ल सांस्कृतिक संध्या बेगम अख्तर की शिष्या रेखा सूर्या द्वारा | 05 जून, 2018 |
| एक शाम बेगम अख्तर के नाम चैरिटी शो (पद्मश्री सोमा घोष, पामेला जैन युवी सिंगर, स्वास्तिक भारद्वाज, संजोली पाण्डेय सहित अन्य गायकों द्वारा प्रस्तुति) | 30 अक्टूबर, 2018 |
| अतिथि गृह का भूमि पूजन | 29 नवम्बर, 2018 |
| फ्लैग ऑफ (Flag off) पुरातन छात्रा एवं अन्तर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अरूणिमा सिन्हा को एवं सोलर प्लान्ट का उद्घाटन | 09 दिसम्बर, 2018 |
| निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर | 17—19 दिसम्बर, 2018 |
| स्वैच्छिक रक्त दान शिविर | 26 जनवरी, 2019 |
| बेगम अख्तर संगीत कला अकादमी का भूमि पूजन | 27 जनवरी, 2019 |
| पुरातन छात्र सभा की वेब साइट (Website Launching) का लोकार्पण | 21 फरवरी, 2019 |
| मतदाता जागरूकता अभियान (लोकतंत्र की कसौटी पर पत्रकारिता के मूल्य) | 08 अप्रैल, 2019 |
| स्पीक मैके के सौजन्य से पद्मश्री भारती बन्धु द्वारा कबीर गायन की प्रस्तुत | 27 अप्रैल, 2019 |
| पत्रकारिता दिवस पर सम्मान समारोह | 30 मई, 2019 |
| बतकही (किताबें व साहित्य प्रेम) | 13 जुलाई, 2019 |
| फ्री डेन्टल चेक अप | 08 अगस्त, 2019 |
| बतकही (अवधी भाषा) | 10 अगस्त, 2019 |
| संगीत की एक शाम बेगम अख़्तर के नाम | 23 अक्टूबर, 2019 |

Scanned with CamScanner

## बेगम अख़्तर संगीत कला अकादमी

अवध क्षेत्र अपनी धार्मिक मान्यताओं के साथ—साथ अपनी सांस्कृतिक गतिविधियों तथा क्षमताओं के कारण विश्व भर में प्रसिद्ध है। इस क्षेत्र की साहित्यिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियां विश्वविख्यात रही हैं, परन्तु इसके संरक्षण तथा संवर्धन करने के प्रयास नगण्य ही रहे हैं। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने इस दिशा में कार्य करने तथा इसके लिए एक सांस्कृतिक संकुल के निर्माण का संकल्प लिया है जिसमें शास्त्रीय संगीत और लोक कलाओं को संरक्षित किया जाएगा।

इस संकुल का नाम क्षेत्र की प्रसिद्ध हस्ती अख़्तरी बाई फैज़ाबादी अर्थात् मल्लिका—ए—गज़ल बेगम अख़्तर के नाम पर रखने का निर्णय लिया गया है। बेगम अख़्तर का जन्म 07 अक्टूबर 1914 को फैज़ाबाद में स्थित भदरसा में हुआ था जो डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से केवल पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। अवध विश्वविद्यालय पुरातन छात्र सभा विश्वविख्यात ''मल्लिका—ए—गज़ल'' बेगम अख़्तर के नाम से एशिया की सबसे बड़ी संगीत कला अकादमी का निर्माण कराने जा रही है।

**दिनांक 27 जनवरी, 2019 को कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित के करकमलों द्वारा विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में ''बेगम अख़्तर संगीत कला अकादमी'' का भूमि पूजन सम्पन्न किया गया।**

प्रस्तावित संगीत अकादमी हेतु विश्वविद्यालय परिसर की 36 एकड़ भूमि पर 9951 वर्ग मीटर परिक्षेत्र पर लगभग 60 करोड़ की लागत से इसका निर्माण कराये जाने की योजना है। वर्तमान सत्र में इस अकादमी का शिलान्यास करके अगले 18 माह की अवधि में भवन तथा संबंधित निर्माण प्रक्रिया को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

Scanned with CamScanner

## अकादमी के विषय में

संगीत के सात सुरों ''सा, रे, ग, म, प, ध, नी'' के अनुरूप इस अकादमी में सात पृथक–पृथक भवन एक क्रम में होंगे जिसमें गीत संगीत के संस्कार, उसका व्याकरण, उसकी शास्त्रीयता तथा उसका सर्वग्राही सुगम स्वरूप सुर–लय–ताल–स्वर के विभिन्न क्रमबद्ध स्तरों पर निर्धारित समयावधि में प्रदान किया जाएगा।

अकादमी में इस तरह की व्यवस्था की जा रही है कि समय–समय पर पुस्तकों और प्रायोगिक ज्ञान के अनुभव की मदद से विश्वविद्यालय के छात्रों को महान संगीतकारों और गायन वादकों की नियमित सेवा से लाभ मिल सके। संगीत की महान परम्परा और इसकी अपरम्परागत विरासत के रूप में हम मौजूदा गामा की संगत में इसके सामंजस्यपूर्ण उज्ज्वल भविष्य के बारे में आश्वस्त हैं।

बेगम अख़्तर के व्यक्तित्व पर शोध करने वालों के लिए यह अकादमी एक ऐसा स्थान होगा जिसकी छत्रछाया में शोधकर्ता को सब कुछ बहुत आसानी से उपलब्ध हो सकेगा।

### अवध विश्वविद्यालय के पुरातन छात्रों द्वारा सहयोग

अवध विश्वविद्यालय के पुरातन छात्रों द्वारा निरन्तर संगीत कला अकादमी तथा अवध विश्वविद्यालय के पुरातन छात्र सभा के अतिथि गृह के निर्माण हेतु सहायता प्राप्त हो रही है। पुरातन छात्र अपनी स्वेच्छा एवं क्षमता के अनुसार धनराशि अथवा भवन निर्माण सामाग्रियों का दान कर रहे हैं। अवध विश्वविद्यालय पुरातन छात्र सभा उन सभी पुरातन छात्रों को धन्यवाद ज्ञापित करता है।

### सहयोग एवं अनुदान के लिए सम्पर्क करें–

**Bank Details.**
A/c No. 3655910004,
Central Bank Of India
Avadh University Branch, Faizabad
IFSC Code- CBIN0283302
Mobile No.: 8960 110 210

Scanned with CamScanner



hindustantimes

SANJITA CHANU GIVES INDIA 2ND GOLD

SALMAN SPENDS ANOTHER NIGHT IN JAIL, BAIL HEARING TODAY

**Session washed out, bills pending**

**Mass cyber attack alarm as many govt sites crash**

Lookout notices for Deepak Kochhar, Videocon's Dhoot

Cong offer: Hold short sitting, talk key issues

Sa, Re, Ga... the Begum Akhtar way at Faizabad varsity soon

पंजाब केसरी

**अवध विश्वविद्यालय बनाएगा बेगम अख्तर संगीत एकेडमी, दादरी ठुमरी सीखेंगी नई प्रतिभाएं: रेखा सूर्या**



आज तक

**मौत के 44 साल बाद बेगम अख्तर के नाम पर बनेगी संगीत एकेडमी**

SHARE TWEET WHATSAPP



...my will also have a ...isplay rare records, ...s, photographs, and ...d to her life, times, ...e VC said. ...my will be the first to ...ses in music that ...Akhtar famous and ...ynergy between its ...

अमर उजाला

**अवध विवि बनाएगा मल्लिका-ए-गजल बेगम अख्तर पर फिल्म**



NEWS18 हिंदी

**फैजाबाद: अवध यूनिवर्सिटी बनाएगी बेगम अख्तर के नाम पर संगीत एकेडमी**

**एकेडमी में बेगम अख्तर से जुड़ी चीजों का एक भव्य म्यूजियम होगा.**

Updated on: April 7, 2018, 8:45 PM IST

news18 hindi, News18 Uttar Pradesh



hindustantimes

**UP's Faizabad University to build Begum Akhtar music academy as a tribute to her**

The Begum Akhtar Sangeet Kala Akademi will teach Begum Akhtar's music and have wings named after the seven basic notes of Indian classical music — Sa, Re, Ga, Ma, Pa, Dha and Nee.

By Pankaj Jaiswal



Scanned with CamScanner

# N MEDIA

## पु[illegible]तन छात्र सभा अतिथि गृह का भूमि पूजन 29 नवंबर को



[illegible] प्रभात अयोध्या |27 नवंबर [illegible] [illegible]मनोहर लोहिया अवध वि[illegible]द्यालय पुरातन छात्र सभा के अ[illegible] गृह के निर्माण हेतु भूमि पूजन 29 न[illegible]बर को होगा।

भूमि पूजन के यजमान कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित होंगे।

पुरातन छात्र सभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि सभा का गठन पिछले वर्ष कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित जी की प्रेरणा से विश्वविद्यालय की स्थापना के 43 वर्ष बाद हुआ था। पुरातन छात्र सभा के गठन का उद्देश्य विश्वविद्यालय के नए और पुराने छात्रों के बीच संबंध स्थापित करना व विश्वविद्यालय को शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक रूप से मजबूत करने का है।

विश्वविद्यालय पुरातन छात्र सभा के सचिव डॉ विनोद कुमार चौधरी के अनुसार इस अतिथि गृह के निर्माण पर छह करोड़ तिरसठ लाख की लागत आएगी। इसे पुरातन छात्रों व सामाजिक, आर्थिक संगठनों के सहयोग से निर्मित किया जाएगा।

पुरातन छात्र सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग वैश्य ने बताया कि इसी वर्ष 6 मार्च को पुरातन छात्रों का भव्य प्रथम समागम आयोजित किया गया था। विश्वविद्यालय की ही पुरातन छात्रा मिथिलेश सिंह ने 25 किलोवाट का एक सोलर पैनल भेंट किया था जिसका उद्घाटन उन्ही के करकमलों से दिसम्बर माह में होगा।

भूमि पूजन की तैयारियों को कोषाध्यक्ष राजीव जायसवाल ए कनिष्ठ उपाध्यक्ष मीरा यादव के नेतृत्व में अंतिम रूप दिया गया है।

मीरा यादव ने बताया कि भूमि पूजन में यजमान की भूमिका कुलपति और पुरातन छात्र सभा के संरक्षक आचार्य मनोज दीक्षित जी निभाएंगे। देश दुनिया में विश्व विद्यालय का नाम रोशन कर रहे पुरातन छात्रों को अब अयोध्या आने पर रहने खाने की कोई दिक्कत नहीं होगी।

अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह के अनुसार अतिथि गृह के निर्माण के बाद हम देश विदेश में स्थापित शैक्षणिक संस्थानों के एल्युमिनाई एसोसिएशन से एमओयू भी करेंगे।

पुरातन छात्र सभा के अतिथि गृह के संचालन और सुविधाओं पर आने वाले खर्चों के लिए एक मैरिज लॉन का भी निर्माण किया जा रहा है। यह अतिथि गृह भव्य खूबसूरत के साथ आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण होगा।

---

# कैंपस जागरण

2018

## पुरातन छात्र सभा बनवाएगी अतिथि गृह

**पूर्व छात्रों का अवध विश्वविद्यालय को गिफ्ट,** साढ़े छह करोड़ रुपये की लागत, कुलपति ने किया शिलान्यास





[illegible]

---

# ETC ख़बर

राष्ट्रीय | दुनिया | टेक्नोलॉजी | कैरियर | खेल | मनोरंजन | धर्म | हेल्थ | राजनीति | प्रदेश

Breaking News

## डॉ मनोज दीक्षित ने अतिथि गृह की रखी आधारशिला, एक वर्ष में होगा तैयार

November 29, 2018 · ETCkhabar.com · Leave A Comment




डॉ मनोज दीक्षित ने अवध विश्वविद्यालय पुरातन छात्र सभा के अतिथि गृह की रखी आधारशिला

[illegible]

इसे भी पढ़ें : चुनाव से पहले अयोध्या में राम मंदिर नहीं बना तो कर लूंगा आत्मदाह

[illegible]

इसे भी पढ़ें: अयोध्या में बनेगी रामलला की 221 मीटर ऊंची मूर्ति, बनेगा मॉडर्न म्यूजियम, योगी ने दी हरी झंडी

Scanned with CamScanner




संरक्षक
**प्रो. मनोज दीक्षित**
कुलपति
डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय
अयोध्या

अध्यक्ष
**ओम प्रकाश सिंह**
सदस्य कार्य परिषद्
डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय
अयोध्या

सचिव
**डॉ. विनोद कुमार चौधरी**
पर्यावरण विज्ञान विभाग
डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय
अयोध्या

Scanned with CamScanner